CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 316 रायपुर, मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव, टीएमसी ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)।** विपक्ष ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिससे यह भारत के संसदीय इतिहास में इस तरह की पहली कार्रवाई बन गई। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किये। सभी इंडिया ब्लॉक पार्टियों द्वारा हस्ताक्षरित, जिसमें समाजवादी पार्टी भी शामिल हैं। हालांकि, टीएमसी ने वॉकआउट कर लिया। बताया जा रहा है कि टीएमसी ने इसपर कोई फैसला नहीं लिया है। हालाँकि, तकनीकी रूप से इस सत्र में प्रस्ताव को मंजूरी मिलना संभव नहीं है क्योंकि इसके लिए 14 दिन के नोटिस की आवश्यकता होती है और शीतकालीन सत्र समाप्त होने में केवल 8 दिन बचे हैं।



धनखड़ लगातार विपक्षी गुट के नेताओं को राज्यसभा में उनके आचरण और लगातार व्यवधानों के साथ सदन को चलने नहीं देने के लिए फटकार लगाते रहे हैं। इस बीच, कई विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर में अदानी मुद्दे पर प्रदर्शन किया, वे काले 'झोले' (बैग) लेकर आए थे, जिन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और अरबपति गौतम अदानी के व्यंग्यचित्र छपे थे और सामने की तरफ 'मोदी अदानी भाई भाई' लिखा था। यह प्रतिदिन सुबह संसद की बैठक से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में होने वाले असामान्य विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला में नवीनतम है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, कांग्रेस, द्रमुक, झामुमो, वाम दलों समेत अन्य सांसदों ने मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया। उनके पास काले झोले थे जिन पर एक तरफ मोदी और अडानी का व्यंग्यचित्र छपा हुआ था और बैग के पिछले हिस्से पर 'मोदी अडानी भाई भाई' लिखा हुआ था। उन्होंने मोदी और अडानी के बीच कथित मिलीभगत के खिलाफ नारे लगाए और मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग की।

## अग्निवीर भर्ती में अभ्यर्थी दौड़ के बाद मैदान में गिरकर बेहोश, इलाज के दौरान हुई मौत

- डॉक्टरों और परिजनों ने बताया अभ्यर्थी सिकल सेल से था ग्रसित
- पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के साथ शव भेजा गया गृहग्राम, जिला प्रशासन के अधिकारी भी गए हैं साथ
- अंतिम संस्कार के लिए दी गई सहायता राशि, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रदान किया जाएगा 10 लाख

**रायगढ़,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बोईरदादर स्टेडियम में जारी अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में, सेना के आयोजको के माध्यम से प्राप्त प्राथमिक जानकारी अनुसार, 09 दिसंबर 2024 सोमवार को मनोज कुमार साहू, पिता श्री अनिल कुमार साहू, उम्र 20 वर्ष, पता-ग्राम-खोरपा, ब्लॉक / तहसील - अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा, आर्मी भर्ती केन्द्र स्टेडियम रायगढ़ में प्रथम स्टेज 1600 मी. की दौड़ सफलता पूर्वक पूर्ण किया। प्रथम चरण पूर्ण करने के तत्काल पश्चात् अगले चरण में बायोमेट्रिक लगाने से पहले अचानक, मैदान में गिर गया।

अभ्यर्थी को तत्काल स्टेडियम में मौजूद जिला स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल टीम के द्वारा मौके पर ही जांच किया गया। जिसमें मौके पर मौजुद चिकित्सको द्वारा प्रारंभिक जांच पश्चात् पाया गया कि अभ्यर्थी को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी। अभ्यर्थी का एसपीओडब्ल्यू ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल लगातार कम हो रहा था, जिसके कारण अभ्यर्थी सचेत परंतु डिसओरीयेंटेड पाया गया। उसे तत्काल मेडिकल ऑक्सीजन प्रदाय के साथ प्राथमिक चिकित्सा प्रदाय करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय, रायगढ़ रिफर किया गया। जहां अभ्यर्थी बेहोश अवस्था में लाया गया जिसे इन्ट्यूबेट एवं स्टेबल करते हुए हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ भेजा गया। जहाँ रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के विशषज्ञो की टीम के द्वारा समुचित ईलाज किया गया। परंतु अभ्यर्थी की स्थिति अति गंभीर होने के कारण दिनांक 09 दिसंबर 2024 को रात्रि 11:35 बजे मृत्यु हो गई। परिजनो के कथनानुसार एवं चिकित्सको के जांच अनुसार यह पाया गया कि, अभ्यर्थी मनोज कुमार साहू पूर्व से सिकलसेल बीमारी से ग्रसित था। दिनांक 10 दिसंबर 2024 को प्रात:काल में परिजनो की उपस्थिति में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सको की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया, जिसके पश्चात् परिजन को शव सुपुर्द करके तहसीलदार एवं सीईओ जनपद के साथ गृह ग्राम खोरपा, तह-अभनपुर जिला रायपुर भेजा गया। जिला प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। एवं मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से भी 10 लाख रूपयें के आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा नहीं रहे



**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व विदेश मंत्री एस.एम. कृष्णा का निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मंगलवार तड़के करीब 2.30-2.45 बजे उनका निधन हुआ। कृष्णा का राजनीतिक करियर लगभग छह दशकों का रहा है, और उन्होंने 1962 में अमेरिका से लौटने के बाद पहले चुनाव में भाग लिया था। उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें 2020 में पद्म विभूषण, भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, से सम्मानित किया गया था।

### आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने सहयोगियों का आभार जताया

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मंगलवार को शेयर किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट में दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरबीआई गवर्नर की भूमिका सौंपने और अपने कार्यकाल के दौरान मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। दास ने लिखा, आरबीआई गवर्नर के रूप में देश की सेवा करने का अवसर देने और उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं।




**चूहा-** सुनती हो, लालू प्रसाद यादव का अब राहुल गांधी से मोहभंग हो गया है और 'इंडिया' की कमान ममता बेनर्जी को सौंपने कह रहे हैं।

**चुहिया-** हां जी, धीरे-धीरे ममता बेनर्जी से भी मोहभंग हो जाएगा।

## सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश की नाकाम, 5 किलो का आईईडी किया निष्क्रिय

**बीजापुर,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बीजापुर में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। यहां जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए 5 किलो वजनी आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को सीआरपीएफ की टीम ने निष्क्रिय कर दिया।



पुलिस के मुताबिक, सीआरपीएफ की 168 और 229 बटालियन की संयुक्त टीम मोकुर से पेद्दागेलूर के बीच एरिया डॉमिनेशन अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान पेद्दागेलूर जाने के रास्ते में मोकुर पटेलपारा के पास पहाड़ी के नीचे छोटे नाला के पास डीमाईनिंग के दौरान सीआरपीएफ 168 बटालियन की बीडीएस टीम ने नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से पगडंडी कच्चे रास्ते पर कमांड स्विच सिस्टम से 5 किलो का आईईडी कमांड स्विच सिस्टम से लगाया गया था, जिसे सीआरपीएफ डॉग स्क्वाड व सीआरपीएफ 168 की बीडी टीम द्वारा नक्सलियों के नापाक मंसूबों को विफल करते हुए बरामद कर उसे वहीं सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया।

## बालिका आश्रम के खाने में मिली थी छिपकली 1 छात्रा की मौत, 35 बीमार, 9 आईसीयू में

**बीजापुर,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बीजापुर के माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां बच्चों को परोसे जाने वाले खाने में छिपकली मिली थी, जिसके बाद 35 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे. इन्हीं में से एक छात्रा की अब मौत हो गई. वहीं अब भी 35 बच्चे बीमार है, जिसमें से 9 बच्चे आईसीयू में भर्ती बताएं जा रहे है. (बालिका आश्रम के खाने में मिली थी छिपकली, 1 छात्रा की हुई मौत)



मृतक छात्रा शिवानी तेलम को देर रात मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया था. बच्ची ने भैरमगढ़ में दम तोड़ा. वे मूलत: बीजापुर ब्लॉक के तूमनार की रहने वाली थी. वहीं बाकी बच्चे बीजापुर जिला अस्पताल के आईसीयू में हैं एडमिट बताएं जा रहे है. (बालिका आश्रम के खाने में मिली थी छिपकली, 1 छात्रा की हुई मौत) परिजनों ने आरोप लगाए कि अधिक्षिका की लापरवाही से बच्चे की हुई मौत. परिजनों का ये भी आरोप है कि मेनू के अनुसार भोजन नहीं परोसा जा रहा था. भोजन में एक्सपायरी डेट के पनीर, दूध के इस्तेमाल करने का भी आरोप परिजनों ने लगाया है. परिजनों ने ऐसे कर्मचारी, अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है.

## भिलाई में ट्रांसपोर्टर के घर महाराष्ट्र पुलिस का छापा बैंक खाते में ट्रांसफर हुआ ठगी के रुपए, 47 हजार जब्त

**दुर्ग,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। ऑनलाइन ठगी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने भिलाई में एक ट्रांसपोर्टर के घर छापेमारी की है। पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के पास से ४७ हजार ६६८ रुपए ज4त किया किया है। महाराष्ट्र पुलिस ने उनके पास से रुपए ज4त कर आईपीसी की धारा ३५(३) का नोटिस देते हुए उनके बेटे मनकीरत की सुपुर्दगी में छोड़ा।



मिली जानकारी के अनुसार भिलाई के आम्रपाली अपार्टमेंट निवासी ट्रांसपोर्टर कमलजीत सिंह के घर महाराष्ट्र पुलिस ने छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार कमलजीत के पास से ४७ हजार ६६८ रुपए जब्त करते हुए उन्हें नोटिस पर छोड़ा है और मुंबई के पाइधूनी थाने में पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि महाराष्ट्र के मुंबई जिला अंतर्गत पाईधूनी से एसआई गोकुल खेरना हेडकांस्टेबल विलास और एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ शनिवार रात जामुल थाने पहुंचे थे। उन्होंने जामुल थाना प्रभारी कपिल पाण्डेय को बताया कि वह लोग ऑनलाइन ठगी के मामले में एक आरोपी को पकड़ने आए हैं। इसके बाद रविवार दोपहर महाराष्ट्र और जामुल पुलिस ने आम्रपाली अपार्टमेंट निवासी कमलजीत सिंह के घर में छापेमारी की। वहां से कमलजीत सिंह को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पूछताछ में आरोपी कमलजीत सिंह ने ये जुर्म कबूल किया कि उसके करंट अकाउंट में रुपए आए थे। पूछताछ में कमलजीत सिंह ने बताया कि अपना करंट अकाउंट अंबिकापुर निवासी रोहित गुप्ता को दिया था। रोहित ने उस अकाउंट का उपयोग कर उसमें ऑनलाइन ठगी का पैसा मंगवा लिया। पुलिस रोहित को पकड़ने अंबिकापुर जाएगी।

## ममता बनर्जी को दी जाए इंडिया गठबंधन की कमान : लालू



**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बनर्जी द्वारा भाजपा विरोधी गठबंधन की कमान संभालने की मंशा व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। प्रसाद ने यह भी कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक की एक प्रमुख सहयोगी कांग्रेस को बनर्जी को विपक्षी मोर्चे के नेता के रूप में स्वीकार करने में कोई आपत्ति है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। राजद प्रमुख ने कहा कि ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। विपक्षी गुट के नेता के रूप में उन्हें स्वीकार करने के लिए कांग्रेस के आरक्षण के बारे में पूछे जाने पर, लालू ने कहा कि कांग्रेस के विरोध से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्हें इंडिया गुट का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले, लालू के बेटे और वरिष्ठ राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि उन्हें बनर्जी सहित इंडिया गुट के किसी भी वरिष्ठ नेता के गठबंधन का नेतृत्व करने पर कोई आपत्ति नहीं है।

## 1 मार्च से होंगी कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं, माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया समय सारणी

**रायपुर,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की समय सारणी जारी कर दी है। इसके अनुसार, 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगी, जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 3 मार्च से प्रारंभ होंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 1 मार्च से 10 मार्च तक चलेगी। सभी परीक्षार्थियों को समय सारणी के अनुसार अपनी तैयारी में जुटने की सलाह दी गई है।



## क्या यही प्यार है?

### मांग में सिंदूर भरी फिर एक साथ फांसी के फंदे में झूल गए प्रेमी जोड़े



**बेमेतरा,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगा कर की आत्महत्या कर ली. आत्महत्या से पहले प्रेमी ने प्रेमिका की मांग में सिंदूर भी भरी. छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के नवागढ़ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैं जहां एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पूरा मामला नवागढ़ के वार्ड नंबर एक का है जहां पुरानी मंडी में इमली पेड़ पर सुबह-सुबह लोगों ने प्रेमी जोड़े की लटकते हुए शव देखा. सूचना के बाद परिजन भी पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंचे जांच में जुट गई है और पंचनामा कर पीएम के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही मामले में देखने वाली बात है कि प्रेमी जोड़ी ने आत्महत्या करने से पहले प्रेमी ने प्रेमिका के मांग में सिंदूर भरा है इसके बाद उन्होंने मौत को गले लगा लिया. घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैला हुआ है तो वही प्रेमी जोड़ों के द्वारा फांसी लगाने को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हो रहे हैं आखिर मौत से पहले शादी हुई तो साथ में जीने की बजाय मौत को गले क्यो लगाया ? पुलिस इस मामले में पंचनामा कर परिजनों से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है, जिसके बाद आत्महत्या की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी.

## सन 1881 में धमतरी बना था नगर पालिका, 138 सालों बाद पहली बार 2019 में कांग्रेस को मिली थी बढ़त

- भाजपा को 17, कांग्रेस को 18 वार्डो में मिली थी जीत, 21 पार्षदों के समर्थन से कांग्रेस के पहले महापौर बने थे विजय देवांगन
- भाजपा सत्ता पुनः हासिल करने कांग्रेस सत्ता बनाये लगायेंगी ऐड़ी चोटी का जोर

**आशीष मिन्नी**

**धमतरी,** 10 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। एक बार फिर नगरीय निकाय चुनाव का माहौल बनने लगा है। वैसे तो पिछले चुनाव अनुसार अभी तक आचार संहिता लग जाना था, लेकिन इस बार चुनाव में देरी हो रही है। लेकिन जल्द ही आरक्षण आदि प्रक्रिया सम्पन्न कर आचार संहिता लग सकती है। राजनीतिक पार्टियां भाजपा और कांग्रेस भी चुनाव पर नजर रखे हुए है। भीतरी तौर पर चुनावी तैयारियां शुरु हो चुकी है। और चुनाव का ऐलान होते ही खुलकर दोनो पार्टी के दावेदार सामने आयेंगे।

अब तक धमतरी नगरीय निकाय के इतिहास की बात करें तो 27 जुलाई 1881 को धमतरी नगर पालिका गठन हुआ था। और 2014 में धमतरी अपग्रेड होकर नगर निगम बना 133 साल नगर पालिका और 5 साल नगर निगम के इतिहास के बाद 138 सालों बाद धमतरी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को बढ़त 2019 में मिली। इसमें भी बढ़त मात्र 1 वार्ड की थी। 2019 के निगम चुनाव में शहर के 40 वार्डो में से 17 पर भाजपा 18 वार्डो पर कांग्रेस को जीत मिली। थी। 5 वार्डो में निर्दलीय चुने गये थे, लेकिन कांग्रेस ने बाजी मारते हुए 21 पार्षदों को अपने पक्ष में किया और पहली बार धमतरी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस परचम लहरा पाई अब पुनः चुनावी समय है। इस बार भाजपा और पुराने इतिहास को दोहराते हुए फिर से धमतरी शहर की सत्ता हासिल करने व कांग्रेस सत्ता बनाये रखने ऐढ़ी चोटी का जोर लगायेगी। हालांकि इस बार चुनावी प्रक्रिया में बदलाव हुआ है। भाजपा सरकार ने अध्यक्षों व महापौर का चुनाव पार्षद के माध्यम से करने के फैसले को बदल कर सीधे मतदाताओं से चुनने का नियम बनाया है। अब देखना यह होगा कि इस बार प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली का किसे फायदा और नुकसान होता है ?








### शीतलापारा में हुआ था सर्वाधिक मतदान, इन 5 वार्डो में जीते थे निर्दलीय

साल 2019 में धमतरी नगर निगम के दूसरे चुनाव में जनता ने किसी भी पार्टी को स्पष्ट जनादेश नहीं दिया था। 40 में से 17 वार्डो में भाजपा, 18 वार्डो में कांग्रेस और 5 वार्ड साल्हेवारपारा , जालमपुर, विंध्यवासिनी वार्ड, रिसाईपारा पूर्व और रामसागरपारा में निर्दलीय जीते थे। हालांकि परिणाम के बाद जालमपुर पार्षद ज्योति वाल्मिकी, विंध्यवासिनी वार्ड पार्षद कमलेश सोनकर, रिसाईपारा पूर्व पार्षद रुपेश राजपूत ने कांग्रेस को समर्थन दिया। वहीं साल्हेवारपारा पार्षद हेमंत बंजारे, रामसागरपारा पार्षद श्यामा साहू ने भाजपा को समर्थन दिया। 5 निर्वाचित पार्षद कांग्रेस भाजपा के ही बागी थे जो चुनाव बाद पुनः अपनी पार्टी में शामिल हो गये। साल 2019 के चुनाव में शहर के शीतलापारा वार्ड में सर्वाधिक 90.26 प्रतिशत और सबसे कम रिसाईपारा पश्चिम वार्ड में 65.31 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### 1881 से 1921 तक धमतरी नगरपालिका में रहा पदेन अध्यक्ष

ब्रिटिश कालीन म्यूनिसपल एक्ट के अन्तर्गत धमतरी नगर पालिका का गठन अधिसूचना क्रमांक 2778 27 जुलाई 1881 से 50 एकड़ भूमि पर हुआ था। उस समय नगर पालिका की जनसंख्या 6647 थी तथा पालिका में 8 निर्वाचित एवं 3 नामजद सदस्य तहसीलदार पदेन अध्यक्ष व नायब तहसीलदार अवैतनिक सचिव हुआ यह व्यवस्था 1921 तक रही। सन 1922 में म्यूनिसपल एक्ट लागू हुआ जिसमें स्व. नारायण राव मेघावाले 14 जनवरी 1922 को प्रथम अशासकीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उस समय नगर को 5 वार्डों में विभक्त किया गया था प्रत्येक वार्ड से दो सदस्य निर्वाचित हुए थे तथा अध्यक्ष का निर्वाचन चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा किया गया जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का था। इसके बाद स्व. नत्थू जी जगताप सन 1922 से 1934 तक निर्वाचित प्रथम अध्यक्ष हुए।

### 1931 से अध्यक्ष को सीधे मतदाताओं को चुने जाने की प्रथा हुई प्रारंभ

सन 1931 में वार्डों का पुर्नगठन हुआ 12 वार्ड हो गये तथा 1931 से अध्यक्ष को सीधे मतदाताओं को चुने जाने की प्रथा प्रारंभ हुई उस समय नगर की जनसंख्या 14080 थी। 1941 में स्व. रामगोपाल शर्मा मतदाताओं द्वारा निर्वाचित प्रथम अध्यक्ष चुने गए। 14 नवम्बर 1946 को दूसरा चुनाव, 7 मई 1952 को तीसरा चुनाव, 10 जुलाई 1955 को चौथा चुनाव हुआ। 1961 में नगर की जनसंख्या 31552 हो गयी तथा नगर का क्षेत्रफल 287 वर्गमील था। 1969 से 1971 तक स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा, 1971 से 1974 तक पंडरीराव पवार अध्यक्ष रहे।

CMYK